Regarding issues of 15 Panchayats in Jamshedpur Parliamentary Constituency

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : माननीय सभापति महोदया, मैं आज इस सदन में जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के मुसाबनी एवं घाटशिला प्रखंड के 15 पंचायतों की जनता की समस्याओं को उठाने के लिए खड़ा हुआ हूं । इनकी सबसे बड़ी चिंता प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित रह जाना है। यह क्षेत्र लंबे समय से विकास की प्रक्रिया में पीछे छूट गया है और अब, जब हमारे देश में प्रधान मंत्री आवास योजना जैसी ऐतिहासिक योजना लागू की गई है, तो इसके लाभ से क्षेत्र के कई ग्रामीण परिवार वंचित हैं ।

माननीय सभापति महोदया, वर्ष 2011 के सेंसेस में ये 15 पंचायतें प्रधान मंत्री आवास योजना या किसी भी प्रकार की योजना की सूची में शामिल नहीं होने के कारण इनको किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं मिल रही है । इनको शहरी क्षेत्र की सूची में डाला गया है, जबकि ये न शहरी क्षेत्र में हैं और न ही ग्रामीण क्षेत्र में हैं । इस तरह, इस योजना के तहत लाभ न मिलने से इन परिवारों के जीवन-यापन की स्थिति बहुत ही दयनीय है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि इन 15 पंचायतों को शहरी सूची से हटाकर पुन: ग्रामीण क्षेत्र की सूची में सम्मिलत किया जाए, जिससे इस योजना का लाभ इन सभी पंचायतों के सभी परिवारों को प्रदान की जा सके ।

धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह कर रही हूं कि प्लीज़, वे जिन विषयों को लिखित में देते हैं, उन्हीं विषयों पर चर्चा करें ।

? (व्यवधान)